दैनिक
# मीडिया फॉर यू
जनता की आवाज
प्रकाशन के 09 वर्ष
RNI: UPHIN/2015/65169
मंगलवार 02 जुलाई 2024
वर्ष: 09, अंक: 159
पृष्ठ: 04 मूल्य: 02 रुपया
गाजियाबाद से प्रकाशित हापुड़ ❖ मेरठ ❖ शामली ❖ मुजफ्फरनगर ❖ बागपत ❖ सहारनपुर ❖ बिजनौर ❖ दिल्ली एनसीआर में प्रसारित
Email:- m4unews@gmail.com 8445657566



लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों व... 4

# बदल गए अंग्रेजों के जमाने के कानून अब लागू होगी भारतीय न्याय संहिता

पीड़ित पुलिस स्टेशन में आए बगैर भी इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से घटना की रिपोर्ट कर सकता है इससे पुलिस को भी त्वरित कार्रवाई में मदद मिलेगी। पीड़ित किसी भी थाना क्षेत्र में अपनी एफआईआर दर्ज कर सकता है फिर निशुल्क कॉपी उपलब्ध होगी। गंभीर आपराधिक मामलों से सबूत जुटाने के लिए क्राइम सीन पर फॉरेंसिक विशेषज्ञों का जाना अनिवार्य। सबूत एकत्र करने की प्रक्रिया की वीडियोग्राफी अनिवार्य। महिला और बच्चों के खिलाफ अपराध में जांच एजेंसियों को 2 महीने के अंदर जांच पूरी करनी होगी 90 दिन के अंदर पीड़ित को कैस में प्रगति की नियमित अपडेट देनी होगी। अपराध के शिकार हुई महिला व बच्चों को सभी अस्पताल में फर्स्ट एड का इलाज निशुल्क मिलने की गारंटी चुनौती भरी परिस्थितियों में भी पीड़ित जल्द ठीक हो सकेगा।

>> भारतीय न्याय संहिता के तहत किसी भी थाने में कर सकते हैं F.I.R

>> घर बैठे व्हाट्सएप और ईमेल से कर दर्ज करासकते हैं F.I.R

**मीडिया फॉर यू, आरिफ खान बाबा**

**आगरा।** अब अंग्रेजों के जमाने के बनाए गए कानून आईपीसी सीआरपीसी और साक्ष्य कानून आज से बदल चुके हैं हत्या हो या लूट चोरी हो या फिर मारपीट सभी घटनाओं में कानून की धाराएं बदल चुकी हैं। इसको लेकर थाने चौकी से लेकर बड़ी पैमाने पर प्रचार प्रसार किया गया है वही कोतवाल से लेकर दरोगा मुंशी तक कोई संबंध में प्रशिक्षण दिया जा चुका है आज 1 जुलाई से भारतीय न्याय संहिता,भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम को लागू कर दिया गया है। आज से भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) अब भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस )होगी। पहले आईपीसी में 511 धाराऐ थी लेकिन भारतीय न्याय संहिता में 358 धाराएं लागू होगी। धाराओं का क्रम बदलते हुए सीआरपीसी दंड प्रक्रिया संहिता अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता कहलाएगी। सीआरपीसी में पहले 484 धाराएं थी अब नए कानून में अब इसमें 531 धाराएं लागू होगी। भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 अब भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के नाम से जाना जाएगा पुराने अधिनियम में 167 प्रावधान थे अब नई में 170 प्रावधान हो गए हैं इसमें डिजिटल साक्ष्यो का महत्व बढ़ाया गया है। पहले हत्या के लिए धारा 302 लगती थी आप 1 जुलाई से इसके लिए धारा 103 में मुकदमा दर्ज होगा इसी तरह हत्या के प्रयास में धारा 307 लगती थी अब 109 के तहत मुकदमा दर्ज किया जाएगा ल द्वारा डकैती के मामले में जहां धारा 392 में दर्ज किया जाता था अब इसके बदले धारा 309 (4) भारतीय न्याय संहिता लागू होगा। पहले धोखाधड़ी की अपराध में धारा 420 की जगह धारा 316 लागू होगी। पहले आईपीसी बलात्कार के मामले में धारा 376लागू होती थी अब भारतीय न्याय सहायता के तहत धारा 63 में अभियोग दर्ज किया जाएगा। सामूहिक दुष्कर्म के मामले धारा 70 के तहत दर्ज की जाएगी। छेड़छाड़ की धारा 354 के मामले अब मानहानि की धारा 429 के अंतर्गत दर्ज किए जाएंगे।



## संक्षिप्त समाचार

### सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का 51 वां जन्म दिवस धूमधाम से मनाया



**मीडिया फॉर यू**

**आंवला/बरेली।** विधानसभा आंवला मे सपा कार्यकताओं के द्वारा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का 51वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया । राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन के शुभ अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओ के द्वारा 51 पौधो का रोपण कर एवं केक काटकर 51वां जन्मदिन मनाया गया । राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन पर कार्यकताओं ने दीघार्यु के लिए प्रार्थना की इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ इंद्रपाल सिंह यादव, पूर्व नगर अध्यक्ष मशकूर खान, भूपेंद्र सिंह, बी डी वर्मा ,लक्ष्मण प्रसाद लोधी, वकार अली गुड्डू, रामदीन सागर, डॉ वेद प्रकाश मौर्य, लाला बाबू मौर्य, सुशांत यादव, आकाश प्रेमी आदि सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### लायन्स क्लब मोदीनगर टाउनशिप ने मनाया डॉक्टर्स डे एवम सीए डे



**मीडिया फॉर यू**

**मोदीनगर।** लायन्स क्लब टाउनशिप ने चिकित्सक दिवस एवं सीए दिवस मनाया। इस उपलक्ष में टाउनशिप के सदस्यों ने 8 डॉक्टर्स एवम 2 सीए को सम्मानित किया जिसमें डॉक्टर निहार मित्तल, डॉक्टर अपेक्षा मित्तल, डॉक्टर नेहा त्यागी, डॉक्टर शरद देव, डॉक्टर अभिलाष चौधरी, डॉक्टर कार्तिकेय गुप्ता, डॉक्टर विपिन अग्रवाल और डॉक्टर राजुल अग्रवाल तथा सीए प्रवीन गुप्ता व तुषार भारद्वाज को गुलदस्ता एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस सम्मान को सभी डॉक्टर के क्लीनिक व सीए के ऑफिस पर जाकर किया गया । इस अवसर पर मुख्य रूप से अध्यक्ष ला नीरज गर्ग, सचिव ला विपिन गुप्ता, वरिष्ठ ला हिमांशु अग्रवाल , वरिष्ठ ला दिनेश चाचरा,ला सतीश नेहरा, ला आशु अग्रवाल आदि की सहभागिता रही ।

### बारिश के बाद बंद हुई प्रगति मैदान सुरंग फिर से खुली

**नयी दिल्ली।** दिल्ली में पिछले सप्ताह हुई भारी बारिश के बाद जलभराव के कारण बंद की गई प्रगति मैदान सुरंग सोमवार को जनता के लिए फिर से खोल दी गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों ने कहा कि सफाई के बाद सोमवार को सुरंग यातायात के लिए सामान्य हो गई। यह सुरंग 28 जून से बंद थी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के आंकड़ों के अनुसार, 28 जून को सफदरजंग वेधशाला में 228.1 मिलीमीटर (मिमी) बारिश दर्ज की गई, इसके बाद लोधी रोड में 192.8 मिमी, रिज क्षेत्र में 150.4 मिमी, पालम में 106.6 मिमी और आयानगर में 66.3 मिमी बारिश दर्ज हुई थी। अठाईस जून के सुबह आठ बजे तक पूरे हुए 24 घंटों में 228.1 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो जून की औसत बारिश 74.1 मिमी से तीन गुना से अधिक थी और 1936 के बाद से इस महीने की सबसे अधिक बारिश थी। लोक निर्माण विभाग ने कहा कि उसे जलभराव वाले क्षेत्रों से 200 से अधिक फोन आए। घंटों बाद मिंटो ब्रिज अंडरपास और शहर के कई अन्य हिस्सों से पानी निकाला गया।

# टीवी मुक्त उत्तर प्रदेश आगरा के डॉक्टर की पहल

>> आगरा को टीवी नोटिफिकेशन मैं शीर्ष जिलों में पहुंचा

>> पूरे यूपी में टीवी उन्मूलन करने के लिए कर रहे हैं डॉक्टर काम

**मीडिया फॉर यू, आरिफ खान बाबा**

**आगरा।** सृष्टि की रचना के बाद सभी लोग दुख सुख में भगवान को याद करते हैं। ईश्वर नहीं मनुष्य के शरीर को बनाया जब-जब मनुष्य के शरीर में किसी भी तरह की कोई भी परेशानी आई है तो डॉक्टर ने उसका समाधान किया है मैं यह नहीं कहता कि ईश्वर भगवान है लेकिन की सच्चाई है डॉक्टर एक स्वरूप है मनुष्य के शरीर की परेशानियों को समाधान के लिए। आगरा में हर साल की बात देश में भारत के महान चिकित्सा और पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ बीसी रॉय की याद में राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस मनाया जाता है। आगरा के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अरुण श्रीवास्तव ने किस अवसर पर राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस पर भाग ले रहे चिकित्सकों को उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों के लिए शुभकामनाएं दी। जिला छह रोग अधिकारी डॉक्टर सुलेख गुप्ता ने टीवी नोटिफिकेशन के मामले में आगरा को यूपी के टॉप 5 जिलों में पहुंचा दिया है। दो सुलेख गुप्ता ने केवल आगरा में टीवी मरीजों को खोजने और टीवी उपचार को प्रत्येक मरीज तक पहुंचाने के लिए कार्य करते हैं बल्कि खुद टीवी मरीजों से बात करके उनका डांढस बंधाते डॉ सुरेश गुप्ता का कहना है की आगरा को 2025 तक टीवी मुक्त करने के लिए हम लोग सभी कार्य कर रहे हैं और जल्द ही यह अभियान सफल होगा ,उन्होंने कहा कि यदि किसी को भी टीवी के लक्षण हैं तो वह अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर डॉक्टर से सलाह ले जनपद में टीवी के जांच व उपचार की सुविधा पूरी तरह से मुफ्त है। इसके साथ ही टीवी मरीजों को निक्षय पोषण योजना के तहत टीवी मरीजों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इसके अलावा निक्षय मित्रों के द्वारा भी टीवी मरीजों को गोद लिया जा रहा है , यह योजना का भी कारगर साबित हो रही है और टीवी मरीजों को खोज कर उनका इलाज किया जा रहा है। श्री गुप्ता ने बताया की आगरा ने प्रेजेंटेड टीवी एग्जामिनेशन रेट के मामले में प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। एशियन मेडिकल कॉलेज के टीवी एंड चेस्ट डिपार्टमेंट के विभाग अध्यक्ष और स्टेट टीवी टास्क फोर्स के अध्यक्ष डॉ गजेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि एसएन मेडिकल कॉलेज में ड्रग रेसिस्टेंट टीवी की ओपीडी को अलग कर दिया गया है अब सन में 8 चेंबर में क्षय एवं बक्ष रोगों के मरीज देखे जाते हैं उन्होंने बताया कि ड्रग सेंसिटिव और नॉन टीवी मरीजों को साथ नहीं देखा जाता है अस्थमा के मरीजों के लिए अलग से क्लिनिक बनाया गया है इसके पीछे उद्देश्य यह है कि टीवी के संक्रमण को उन मरीजों से रोकना जिससे मरीजों को जल्द से जल्द उपचार मिल सके और वह जल्द स्वस्थ हो जाएं। उन्होंने बताया कि इस मॉडल को प्रदेश के अनुष्ठानों पर भी लागू की जाने की प्रयास किया जा रहे हैं यह प्रदेश के 68 मेडिकल कॉलेज में टीवी रोग उन्मूलन के कार्यों की देख रेख कर रहे हैं। प्रदेश में ऑनलाइन टीवी मरीजों को परामर्श देने की सेवा शुरू की गई है वही डॉक्टर बीबी सिंह को दिल्ली में टाइम्स नाउ डॉक्टर्स डे कांक्लेव 2024 के साथ ७वे संस्करण के दौरान इंस्पायरिंग चेस्ट स्पेशलिस्ट आफ इंडिया पुरस्कार प्रदान किया गया है। टीवी रोग उन्मूलन में काम कर रहे डॉ राजेंद्र विक्रम सिंह को ड्रग रेजिस्टेंस टीवी अस्थमा एवं स्वास्थ्य संबंधी रोगों के उपचार में विशेष महारत हासिल है ।एसटीडीसी की परामर्शदाता डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि वह टीवी उन्मूलन के लिए बीते 20 साल से कार्य कर रहे हैं। एसटीडीसी मैं वह पूरे प्रदेश टीवी के अधिकारी और कर्मचारियों के प्रशिक्षण के माध्यम से क्षमता वर्धन कर रहे हैं उन्होंने कहा कि टीवी का बैक्टीरिया हवा से माध्यम से फैलता है उन्होंने बताया कि बच्चों को इससे बचने की ज्यादा जरूरत है एक बच्चा जब तक टीवी से संस्कृत में नहीं होता है तब तक वह टीवी के मरीज से संपर्क में ना आए। उन्होंने कहा कि बच्चों आयरन और कैल्शियम युक्त भोजन खिलाना चाहिए या तो कोई बच्चा टीवी मरीज के आसपास रहता है तो बच्चे की भी टीवी की जांच करानी चाहिए उन्होंने आगे कहा कि वह एसटीडीसी में चिकित्सा के एसटीएस को प्रशिक्षण के दौरान यह बातें जरूर बताते हैं जिससे की फील्ड स्तर पर बच्चों को टीवी से बचाया जा सके उन्होंने कहा कि बीते 3 साल से देखा जा रहा है कि बच्चों में टीवी का गंभीर सांस्क्रमण यानी एमडीआर की पाया जा रहा है बच्चों में यह 15% देखने को मिल रहा है हालांकि यह बच्चों का 9 माह तक ट्रीटमेंट करने के बाद भी ठीक हो जाता है। हमारे संवाददाता ने टीवी रोग संबंधित मुख्य चिकित्सा अधिकारी अरुण श्रीवास्तव से पूछा टीवी कितना घातक रोग है तो उन्होंने बताया अब यह घातक नहीं रहा है यह समय पर इलाज किया जाए तो मरीज पूर्णता सही हो जाता है अब टीवी रोग ज्यादा गंभीर नहीं है इसके उपचार से यह जल्द ठीक हो जाता है।

## लायंस क्लब मोदीनगर राइजिंग स्टार ने किया चिकित्सक दिवस पर डा0 सरिता त्यागी व डा0अभिषेक चौधरी को सम्मानित





**मीडिया फॉर यू**

**मोदीनगर।** लायंस क्लब मोदीनगर राइजिंग स्टार ने शहर की वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ को उनके द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों के लिए सम्मानित किया ।लांयस क्लब मोदीनगर राइजिंग स्टार क्लब की चार्टर अध्यक्ष लायन वर्षा गुप्ता ने बताया कि डा० सरिता त्यागी के द्वारा प्रति माह महिलाओं के स्तन कैंसर जांच तथा बच्चेदानी के कैंसर की जांच के शिविर लगाये जाते हैं जिसमें उनका क्लब डा०सरिता त्यागी का सहयोग करता है। वहीं डा० नेहा त्यागी को उनके द्वारा नवीन तकनीक का प्रयोग कर असंख्य सूनी गोदों को भरने के लिए सम्मानित किया ।लायन वर्षा गुप्ता ने बताया कि डा०अभिषेक चौधरी के द्वारा हाल फिलहाल में ही उन्होंने वृद्ध आश्रम के दो वृद्ध जन के मोतियाबिंद के आप्रेशन कराये है ये आप्रेशन डॉ अभिषेक चौधरी जी ने निशुल्क किये है दवाईयों तथा मैडिकल जांच का खर्च क्लब के द्वारा वहन किया गया है। लायंस क्लब मोदीनगर राइजिंग स्टार ने अपने क्लब सदस्यों लायन डा०राजुल अग्रवाल,लायन डा०ज्योत्सना चौधरी तथा लायन डा०साक्षी गर्ग को भी सम्मानित किया ।क्लब सचिव लायन एकता अग्रवाल ने बताया कि आगामी दिनों में डा०राजुल के द्वारा पी बी ए एस कन्या विद्यालय की छात्राओं की हिमोग्लोबिन जांच तथा उनकी रिपोटर्स के आधार पर दवाईयों के वितरण की भी योजना है। वहीं क्लब की शिक्षा कमेटी बेटी पढ़ाओ समाज सशक्त बनाओ की चेयरपर्सन लायन डा०संगीता शर्मा जी ने कहा कि लायन डा० ज्योत्स्ना चौधरी जी ने उन्हें आश्वस्त किया है कि निकट भविष्य में उनके द्वारा भी असहाय वृद्ध जन के मोतियाबिंद के आप्रेशन निशुल्क किये जायेंगे। क्लब कोषाध्यक्ष लायन कल्पना गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया तथा पुनः चिकित्सक दिवस की सभी को बधाईयां दी।

# मॉडर्न एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नए सत्र 2024 की शानदार शुरूआत

**मीडिया फॉर यू**

**मोदीनगर।** मॉडर्न एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नए सत्र 2024 का बड़े हर्षोल्लास के साथ प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन चानन लाल ढींगरा जी ने बच्चों को तिलक लगाकर अपने विद्यालय में स्वागत किया साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अपना अमूल्य आशीर्वाद प्रदान किया। वही स्कूल की प्रधानाचार्या श्री मती तारिका माटा जी ने छोटे-छोटे बच्चों का स्वागत बड़े ही जोश और उल्लास के साथ किया तथा उनको जीवन पथ पर आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया। विद्यालय की कक्षा अध्यापिका सरोज कोटनाला, नीतू ढींगरा, शिवानी सांगी तथा पूनम गहलोत ने बच्चों को मिठाई खिलाकर बड़े ही उत्साह के साथ कक्षा में प्रवेश कराया।



# नीतीश के बाद चिराग पासवान ने भी बढ़ाई मोदी सरकार की टेंशन, बिहार को लेकर कर दी यह बड़ी मांग




**नई दिल्ली एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने रविवार को कहा कि एनडीए में बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी है, उन्होंने कहा कि बिहार की लंबे समय से चली आ रही विशेष दर्जे की मांग को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने रखा जाएगा। पासवान ने बताया कि यह कोई दबाव की राजनीति नहीं है बल्कि हमारी मांग रही है कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि बिहार की कौन सी पार्टी इसकी मांग नहीं करेगी, या उस मांग से सहमत नहीं होगी? हम इसके पक्ष में हैं। हम एनडीए सरकार में हैं, बीजेपी गठबंधन में सबसे बड़ी पार्टी है और पीएम मोदी हमारे नेता हैं जिन पर हम सभी को भरोसा है। यह मांग हम उनके सामने नहीं रखेंगे तो किसके सामने रखेंगे? रविवार को एएनआई से बात करते हुए, पासवान ने कहा, "दर्जा दिया जाना चाहिए। यह हमारी आशा है। हम उन प्रावधानों पर भी चर्चा करेंगे जिन्हें बदलने की जरूरत है ताकि हम बिहारियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा कर सकें।" वर्तमान प्रावधानों के तहत, राज्यों के लिए विशेष दर्जा मौजूद नहीं है। अगस्त 2014 में 13वें योजना आयोग के विघटन के साथ, 14वें वित्त आयोग ने विशेष और सामान्य श्रेणी के राज्यों के बीच कोई अंतर नहीं किया है। सरकार ने 14वें वित्त आयोग की सिफारिशों को स्वीकार कर लिया और 1 अप्रैल, 2015 से केंद्र से राज्यों को कर हस्तांतरण को 32 प्रतिशत से बढ़ाकर 42 प्रतिशत कर दिया, और किसी भी संसाधन अंतर का सामना करने वाले राज्यों के लिए राजस्व घाटा अनुदान का एक नया प्रावधान भी जोड़ा। जनता दल (यूनाइटेड) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने शनिवार को एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें राज्य के विकास को गति देने के लिए केंद्र से बिहार के लिए "विशेष दर्जा" या "विशेष पैकेज" की आवश्यकता पर जोर दिया गया। दिल्ली में आयोजित बैठक की अध्यक्षता जदयू अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने की। जदयू बिहार के साथ-साथ केंद्र में भी भाजपा की प्रमुख सहयोगी है।

02 JULY 2024 M4U:Layout 1 01-Jul-24 9:56 PM Page 2



## सम्पादकीय

# उपभोक्ता के साथ अन्याय

इस बात में कोई दो राय नहीं हो सकती कि गुणवत्ता की सेवा दिए बिना कोई टैक्स वसूलना उपभोक्ता के साथ अन्याय है। यह बात हर सरकारी व निजी महकमे पर लागू होती है। लेकिन यथार्थ में ऐसा होता नहीं है और बेहतर सेवा के बिना टैक्स वसूलने के खिलाफ लोग लोक अदालतों से लेकर विभिन्न अदालतों के दरवाजे खटखटाते रहते हैं। बहरहाल, यह बात सर्वविदित है, लेकिन केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के हालिया बयान ने इस बहस को तेज किया है। अपनी बात को बेबाकी से कहने वाले नितिन गडकरी ने अधिकारियों को दो टूक शब्दों में कहा कि यदि सड़कें अच्छी हालत में न हों और लोगों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हो, तो राजमार्ग पर एजेंसियों द्वारा टोल टैक्स वसूलने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने कहा कि टोल टैक्स वसूलने से पहले हमें अच्छी सेवाएं देनी चाहिए। लेकिन हम अपने आर्थिक हितों की रक्षा के लिये टोल टैक्स वसूलने की जल्दी में रहते हैं। केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री ने स्वीकारा कि सड़कें अच्छी नहीं होने पर तमाम शिकायतें हमें मिलती हैं। दूसरी ओर सोशल मीडिया पर लोग अपना गुस्सा जाहिर करते हैं। सही मायनों में गुणवत्ता की सड़क प्रदान करने पर ही हमें टोल वसूलने का अधिकार मिलता है। जाहिर सी बात है कि गड्ढों व कीचड़ वाली सड़कों पर टैक्स वसूलने पर पब्लिक की नाराजगी स्वाभाविक रूप से सामने आएगी। निस्संदेह, परिवहन मंत्री की स्वीकारोक्ति एक अच्छा कदम है और हर विभाग के मंत्री को अपने अधीनस्थ विभागों की कारगुजारियों पर नजर रखनी चाहिए। मंत्री को विभाग की खामियों पर पर्दा डालने के बजाय सेवा में सुधार की पहल करनी चाहिए। अब चाहे मामला राष्ट्रीय राजमार्गों पर कार्यरत एजेंसियों का हो या फिर बिजली-पानी जैसे मूलभूत जरूरतों वाले विभागों का, अधिकारियों को उपभोक्ताओं के प्रति संवेदनशील होना चाहिए। साथ ही जरूरी है कि शिकायत दर्ज करने और शिकायतों के तुरंत निवारण हेतु एक स्वतंत्र तंत्र भी विकसित किया जाना चाहिए। निस्संदेह, इसमें दो राय नहीं कि राष्ट्रीय राजमार्गों व एक्सप्रेस-वे आदि के बनने से यात्रियों का आवागमन सुविधाजनक हुआ है। लोगों के समय व वाहनों में पेट्रोल-डीजल में बचत हुई है। लेकिन कई स्थानों पर सड़कों की गुणवत्ता में कमी या सड़कों के निर्माण में तकनीकी खामियों का उजागर होना, उपभोक्ताओं को परेशान करता है। पहले राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल टैक्स चुकाने के लिये घंटों लाइन में लगना पड़ता था। कालांतर फास्टैग व्यवस्था से टोल कटने लगा। आज 98 फीसदी वाहनों में स्मार्ट टैग के माध्यम से निर्बाध यात्रा की जा रही है। आने वाले कुछ वर्षों में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम आधारित टोल संग्रह प्रणाली को अंजाम देने की तैयारी में है। जिसके बाद राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल गेटों की जरूरत नहीं रह जाएगी। फिर टोल प्लाजा पर गाड़ी धीमी करने व रोकने की भी जरूरत नहीं रहेगी। इसे देश में चरणबद्ध तरीके से शुरू किया जाएगा। पहले व्यावसायिक वाहनों से इसका प्रयोग शुरू होगा। जिसके लिये वाणिज्यिक वाहनों के लिये वाहन ट्रैकर सिस्टम यानी वीटीएस स्थापित करना जरूरी होगा। कालांतर अगले चरण में निजी वाहन भी इस टोल प्रणाली के दायरे में लाए जाएंगे। सरकार को उम्मीद है कि इस प्रणाली के लागू होने से टैक्स चोरी रुकेगी और जीएनएसएस आधारित टोल संग्रह प्रणाली से सरकार के टोल राजस्व में दस हजार करोड़ रुपये की वृद्धि होगी। दरअसल, यह नया सिस्टम न केवल सही ट्रैकिंग कर पाएगा बल्कि यह राजमार्ग पर उपयोग की गई दूरी के आधार पर सटीक टोल गणना भी करेगा। बहुत संभव है आने वाले वर्षों में कार निमार्ता कंपनियां अपने वाहनों पर ट्रैकिंग डिवाइस लगाएं। प्रारंभ में इस सिस्टम को प्रमुख हाईवे व एक्सप्रेस-वे पर लागू किया जाएगा। जिसमें तय की गई दूरी के आधार पर ओबीयू से लिंक किए गए बैंक खाते से टोल टैक्स की राशि स्वतः कट जाएगी। निश्चित रूप से इस नये सिस्टम से भविष्य में टोल प्लाजा की आवश्यकता न होगी, लोगों का समय भी बचेगा। लेकिन सरकार ध्यान रखे कि सड़कों की गुणवत्ता को बनाये रखना पहली प्राथमिकता बनी रहे।

# अखिलेश यादव के जन्मदिन को समाजवादी पार्टी ने केक काटकर व रक्तदान व्रक्ष रोपण कर मनाया धूमधाम से

### ›› सपा जिलाध्यक्ष जिया चौधरी पूर्व सांसद कादिर राणा सहित अनेक नेताओं ने किया रक्तदान

**मीडिया फॉर यू**
**मुजफ्फरनगर! भारतवीर प्रजापति**

मुजफ्फरनगर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन समाजवादी पार्टी द्वारा बड़े धूमधाम से मनाया गया। समाजवादी पार्टी कार्यालय मुजफ्फरनगर पर आयोजित कार्यक्रम में सपा सांसद एवं सपा राष्ट्रीय महासचिव हरेंद्र मलिक द्वारा लोकसभा जाने से पूर्व सर्वप्रथम सवेरे सपा कार्यालय पर पहुंचकर सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर सपा कार्यकताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए समाजवादी पार्टी को बड़ी ताकत से मजबूती देने का आह्वान किया गया। सपा कार्यालय पर सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर सपा जिला अध्यक्ष जिया चौधरी एडवोकेट ने कहा की सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की कुशल रणनीति तथा सभी जाति वर्ग को सम्मान व उनके अधिकारों की आवाज बनने के कारण समाजवादी पार्टी आज यूपी में अव्वल नंबर पर तथा देश में तीसरी बड़ी ताकत के रूप में उभरी है।पूर्व सांसद कादिर राणा ने अपने संबोधन में सपा कार्यकताओं पदाधिकारीयो से आह्वान किया गया कि देश में भाजपा की सांप्रदायिक राजनीति को परास्त करने में देश में सबसे बड़ी भूमिका सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व इंडिया गठबंधन ने निभाकर देश मैं लोकतंत्र बचाने का काम किया है इसलिए सपा कार्यकर्ता लगातार सक्रिय रहकर जनता की आवाज उठाने के संघर्ष को आगे बढ़ते रहे।सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम में सपा राष्ट्रीय सचिव राकेश शर्मा राजकुमार यादव सपा प्रदेश सचिव चौधरी इलम सिंह गुर्जर सपा महानगर अध्यक्ष पुष्पेंद्र त्यागी बॉबी पूर्व प्रत्याशी हाजी लियाकत अली पूर्व जिला अध्यक्ष सत्येंद्र सैनी पूर्व अल्पसंख्यक आयोग सदस्य मुफ़्ती जुल्फिकार सांसद पुत्र निशांत मलिक, सपा जिला उपाध्यक्ष सोमपाल सिंह भाटी



धर्मेन्द्र पंवार ओमपाल सिंह सपा जिला महासचिव गोल्डी अहलावत सपा जिला मीडिया प्रभारी साजिद हसन पवन सपा जिला कोषाध्यक्ष सैयद अली अब्बास काजमी पूर्व महानगर अध्यक्ष वसी अंसारी एडवोकेट, अंसार आढ़ती,अलीम सिद्दीकी,पवन बंसल समाजवादी युवजन सभा जिलाध्यक्ष कपिल मलिक सपा नगर महासचिव सलीम मलिक यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष राशिद मलिक सपा नेता असद पाशा,तहसीन मंसूरी, चौधरी यशपाल आदि ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम में केक काटकर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन को धूमधाम से मनाया गया।सपा कार्यालय पर ही सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के दीघार्यु समस्त जीवन की कामना के साथ रक्तदान शिविर में सपा जिला अध्यक्ष जिया चौधरी एडवोकेट द्वारा रक्तदान कर शुभारंभ किया गया। रक्तदान करने वालों में पूर्व सांसद कादिर राणा समाजवादी युवजन सभा जिला अध्यक्ष कपिल मलिक सपा जिला महासचिव गोल्डी अहलावत समाजवादी युवजन सभा जिला महासचिव आशीष त्यागी समाजवादी शिक्षक सभा जिला अध्यक्ष अक्षय चौधरी सपा नेता असद पाशा मौलाना मोहम्मद नजर चौधरी योगेंद्र सिंह बालियान सपा जिला उपाध्यक्ष रविकांत त्यागी सपा जिला सचिव विपिन चौधरी एडवोकेट सपा नेता नवाब इम्तियाज कुरैशी शुभम मलिक अरविंद चौधरी उस्मान मलिक रामपाल सिंह पाल शौर्य भारद्वाज पुलकित त्यागी रोहित चौधरी अब्दुल वहाब त्यागी सहित अनेक सपा कार्यकताओं द्वारा रक्तदान किया गया।सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के प्रदेश व्यापी आह्वान पर उनके जन्मदिन पर पीडीए वृक्षारोपण के अंतर्गत 1 जुलाई से 7 जुलाई तक चलने वाले कार्यक्रम के अंतर्गत सपा कार्यालय पर सपा पदाधिकारीयो कार्यकताओं द्वारा वृक्षारोपण कर पीडीए वृक्षारोपण कार्यक्रम को शुरू किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष सतीश गुर्जर सपा मजदूर सभा जिला अध्यक्ष नासिर राणा सपा नेता अमलेश शर्मा सत्यदेव शर्मा सतबीर त्यागी सादिक चौहान मास्टर अल्ताफ अरशद मलिक पंकज सैनी इमलाक प्रधान चौधरी अजय कुमार शमशेर मलिक डॉक्टर अली शेर अंसारी सभासद नदीम खान, सभासद सुंदर सिंह हाजी इकबाल हाजी गुफरान हारून अली सिद्दीकी नासिर खान सुमित पवार बारी हुसैन राणा रजनीश यादव हरिओम त्यागी वसीम राणा नावेद रंगरेज दुर्गेश पाल जॉनी अरोरा जियाउल चौधरी इमरान खान एडवोकेट रमेश चंद शर्मा दुर्गेश पाल अंकित शर्मा मोहम्मद मेहंदी शहजेब इकबाल एडवोकेट अनुराग पाल काजी सरफराज सहित अनेक शपथ कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।

# शानदार सजा प्रभा श्री-काव्य गोष्ठी का मंच

**मीडिया फॉर यू**

काव्य गोष्ठी सबके लिये (भोपाल) एवं प्रभा श्री फाउंडेशन (काशी) के संयुक्त तत्वावधान में पूरी भव्यता के साथ एक और कवि सम्मेलन संपन्न हुआ। काव्य गोष्ठी सबके लिये (भोपाल) के संस्थापक एवं वरिष्ठ साहित्यकार राजसागर, संस्कार प्रभा की निदेशक प्रख्यात साहित्यकार पुष्पा अवस्थी "स्वाती" (मुंबई) एवं प्रभा श्री फाउंडेशन की निदेशक जानी मानी कवयित्री प्रियंका अग्निहोत्री "गीत" (काशी) के संयुक्त प्रयासों से हर रविवार को होने वाले ऑनलाइन कवि सम्मेलन में देश के ही नहीं अपितु विदेशों से भी अंतर्राष्ट्रीय साहित्यकारों का प्रतिभाग रहा करता है। साथ ही नवांकुरों को मंच प्रदान कर उनकी साहित्यिक प्रतिभा को निखारने का भी कार्य किया जाता है। इस सप्ताह कवि सम्मेलन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के नाम विवेक कवीश्वर (नई दिल्ली), मंजू श्रीवास्तव मन (वर्जिनिया, अमरीका), उमंग सरीन (नई दिल्ली ), रेणु हुसैन (नई दिल्ली), अंजू रंजन आशा (लखनऊ), स्वास्तिक त्रिपाठी



(प्रतापगढ़)' सभी ने अपनी अप्रतिम रचनाओं से अद्भुत काव्य की धारा बहायी। सबने भावुकता के साथ (कीर्तिशेष) पुष्पा अवस्थी स्वाती जी को काव्य के श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए विविध विधाओं में सभी ने विभिन्न विषयों पर काव्य पाठ किया। साथ ही साथ सभी ने एक स्वर में प्रभा श्री के इस अद्भुत अनवरत मंच की भूरी भूरी प्रशंसा की । मंच की श्रेष्ठ और सफलतम संचालिका कोकिलकंठी कवयित्री प्रियंका अग्निहोत्री "गीत" (काशी) की रचना के उपरांत माहौल अप्रतिम रूप से मंत्रमुग्ध करने लगा। मुंबई की जानी मानी वरिष्ठ साहित्यकार पुष्पा अवस्थी "स्वाती" के बहुमूल्य आशीर्वचन की छत्रछाया में उनके उद्देश्य को पूरित करने का लक्ष्य लिए हुए प्रियंका अग्निहोत्री "गीत" (काशी) ने बताया कि विगत पांच वर्षों में तकरीबन डेढ़ सौ किताबें प्रकाशित की जा चुकीं, तथा मंच पर १० हजार से अधिक रचनाकार प्रतिभाग करते हुए सम्मानित हो चुके ' यह मंच पूर्णतः उनके पिता स्वर्ग्ग प्रभा शंकर अवस्थी जी एवं माँ स्वाती जी को समर्पित है। प्रभा श्री ग्रुप के अंतर्गत सभी कार्य उनकी स्मृति में उन्हीं की प्रेरणा से आयोजित किये जाते हैं, प्रभा श्री की प्रभा अंधेरों से उजालों की ओर बढ़ने को प्रेरित करती है, नकारात्मकता में भी सकारात्मकता का प्रसार करती है। इसी प्रकार तालियों के बीच प्रियंका गीत के ही द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। यह मंच साप्ताहिक है, प्रतिभाग करने के इच्छुक कवि प्रियंका "गीत" जी से संपर्क कर सकते हैं।

## संभावित बाढ़ से राहत एवं बचाव के दृष्टिगत डीएम ने किया कोडरी एवं सिसई घाट का निरीक्षण , दिए आवश्यक दिशानिर्देश



**मीडिया फॉर यू , देवीपाटन मंडल प्रभारी हाजी निसार उस्मानी**

**बलरामपुर :** संभावित बाढ़ से बचाव एवं सुरक्षा के दृष्टिगत डीएम पवन अग्रवाल द्वारा कोडरी एवं सिसई घाट का निरीक्षण किया गया । उन्होंने कोडरी घाट पर जल स्तर के बढ़ने पर कटान को रोकने के लिए पूरी तैयारी पूर्ण कर लिए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ खंड द्वारा कटानरोधी एवं फ्लड फाइटिंग कार्य के लिए परक्यूपाइन , जिओ बैग , नायलॉन क्रेट के स्टॉक का निरीक्षण किया । उन्होंने कहा कि बाढ़ खंड द्वारा सभी कटान बिंदु एवं तटबंध पर सतर्क निगाह रखी जाए । नदी के जल स्तर बढ़ने पर कटान आदि पर युद्ध स्तर पर काटन रोधी कार्य की जाए। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता बाढ़खंड, सहायक अभियंता बाढ़ खंड उपस्थित रहे।

# छाता कोतवाली पर भारतीय न्याय संहिता 2024 के प्रति जागरूकता बैठक का हुआ आयोजन

### जागरूकता अभियान बैठक में पहुंचे एसपी ग्रामीण

**मीडिया फॉर यू, जितेंद्र शर्मा**

**मथुराः** देश भर में 1 जुलाई से नए आपराधिक कानून लागू हो गए हैं, इसी को लेकर आज छाता कोतवाली पर समाज के संभ्रांत व्यक्तियों के साथ में एक अहम बैठक आयोजित की गई। नए आपराधिक कानूनों के जरिए यह सुनिश्चित किया जाएगा कि लोगों को तुरंत न्याय मिले इसके लिए नई तकनीकी को पूरी प्रक्रिया में शामिल किया गया है वही जगह-जगह पुलिस बैठक आयोजित कर रही है इसी संदर्भ में आज छाता कोतवाली में भी संभ्रांत व्यक्तियों को बुलाकर एक बैठक आयोजित की गई, इस बैठक में सहभागिता करने मथुरा एसपी ग्रामीण त्रिगुण विशेन पहुंचे, उन्होंने गोष्ठी में पहुंचकर आम लोगों को कानून



के संबंध में जागरूक किया उन्होंने बताया नए कानून आम लोगों की सुविधा के लिए बनाए गए हैं, आज थाने पर आम जन को हाइलाइट्स पॉइंट के बारे में बताया गया है, लोगों को डिजिटल तरीका से समय सीमा में तुरंत न्याय दिलाने का प्रावधान किया गया है। इस दौरान एसपी ग्रामीण त्रिगुण विशेन ,कोतवाली प्रभारी संजय कुमार त्यागी, उप निरीक्षक उत्तम चौहान, उप निरीक्षक रवींद्र बाबू , उप निरीक्षक सहेंद्र नैन, उप निरीक्षक मदन सिंह, छाता देहात प्रधान कृष्णकांत उर्फ बॉबी , पूर्व अध्यक्ष जगपाल चौधरी, तनवीर सभासद बीरी सिंह , सभासद भोला, सभासद त्रिलोकी, रामबाबू, मोहित प्रधान, बृज गोपाल प्रधान, सोंटा प्रधान, मुरारी प्रधान, पदम सिंह आदि मौजूद रहे।

# भ्रष्टाचार में लिप्त सफाई कर्मी बना बैठा कार्यालय का बाबू

**मीडिया फॉर यू**

**बरेली।** योगी सरकार लगातार गुंडों माफियाओं व भ्रष्टाचार का खात्मा करने के लिए बुल्डोजर चला रही है भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाये हुए है ताकि आम जनता इनके शोषण का शिकार न हो लेकिन शायद भ्रष्टाचार में लिप्त कुछ भ्रष्टाचारियों को न तो सरकार के आदेशों की परवाह है न ही कार्यवाही का डर न ही शोषण करते वक्त आम जनता की कोई परवाह।

ऐसा ही एक मामला जनपद की नगर पंचायत ठिरिया निजावत खां से सामने आया है। नगर पंचायत में हो रहे भ्रष्टाचार का खुलासा कुछ शिकायतकताओं द्वारा किया गया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी सहित बरेली जिले व मंडल के बड़े अधिकारियों से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की गई है। आपको बता दें शिकायतकर्ता सुनील कुमार पुत्र दयाल और रिशव पुत्र मुनीश कुमार द्वारा दी गई शिकायत में बताया गया है कि वे मोहनपुर मसीतगंज गोटिया के निवासी हैं। नगर पंचायत ठिरिया निजावत खां मे



संविदा सफाई कर्मी पद पर तैनात हैं उनके यहां का मुकेश पुत्र महेश भी नगर पंचायत ठिरिया निजावत खां में संविदा सफाई कर्मी पद पर तैनात है लेकिन मुकेश सफाईकर्मी का कार्य नहीं करके लिपिक (बाबू) पद पर कार्य कर रहा है। मुकेश फर्जी तरीके से बाबू के पद पर रहते हुए गैर संवैधानिक तरीके से नगर पंचायत मे कार्यरत सफाई कर्मियों का मानसिक व आर्थिक शोषण करता है। नगर पंचायत के तमाम विकास कार्य जिनमें टेंडर, डीजल, सर्विस, सहित अन्य कार्यों में भ्रष्टाचार करते हुये घोटाले करता है, जिस कारण उसकी सम्पति दिन दोगुनी, रात चार गुनी, वढ़ रही है। मुकेश का मासिक वेतन लगभग २३,००० रुपए है। जवकि उसके पास आय से अधिक करोड़ो रूपए की अकूत संपत्ति है। रिहायशी जीवन जीते हुए अपने बच्चो को महंगे इंग्लिग मीडियम स्कूल में पढाई व मॉडलिंग करा रहा है। मुकेश द्वारा किये जा रहे भ्रष्टाचार से अवैध वसूली नगर पंचायत में कार्यरत ड्राईवर अमित के माध्यम से राजू एवं पारस के खातों में ट्रान्सफर कर दी जाती है। शिकायतकर्ताओ ने मुकेश के सम्पूर्ण परिवार एवं संलिप्त कर्मियों के बैंक खातों की जांच करने नगर पंचायत में कार्यरत सफाई कर्मियों के साथ हो रहे मानसिक व आर्थिक शोषण को रोकने तथा मुकेश को उसके मूल पद सफाईकर्मी पर कार्य करने व भ्रष्टाचार मे संलिप्त सभी पर कड़ी कानूनी कार्यवाही करते हुए मुकदमा पंजीकृत करने की मांग की है। उक्त मामले में नगर पंचायत ठिरिया निजावत खां पर तैनात ईओ सपना भारद्वाज ने बताया मुकेश संविदा सफाई कर्मी है वह लिपिक नहीं है

# पण्डित आर.एन.द्विवेदी (राजू भैया) बने मंदिर मठ प्रकोष्ठ विश्व हिंदू महासंघ भारत के वरिष्ठ उपाध्यक्ष

**मीडिया फॉर यू, जितेंद्र शर्मा**

**मथुराः** श्री उमा शक्ति पीठ के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं वरिष्ठ समाजसेवी पण्डित आर.एन. द्विवेदी (राजू भैया) को मंदिर मठ प्रकोष्ठ विश्व हिंदू महासंघ भारत के द्वारा वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है उन्हें यह दायित्व कालिका पीठाधीश्वर महंत श्रीसुरेंद्रनाथ अवधूत महाराज राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विश्व हिंदू महासंघ भारत के अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की अनुशंसा पर मंदिर मठ प्रकोष्ठ विश्व हिंदू महासंघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सनातन धर्म शिव मंदिर दिल्ली के पीठाधीश्वर आचार्य डॉ. राजेश ओझा द्वारा दिया गया।उन्होंने कहा कि पण्डित आर.एन.द्विवेदी (राजू भैया) संत समाज के परम-लाडले एवं सेवाभावी हैं। हमें आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास भी है कि वे विश्व हिंदू महासंघ भारत के संविधान के अनुसार कार्य करके उत्तर भारत में हिंदुत्व को मजबूत करेंगे और अपने पद के अनुसार अपनी जिम्मेदारियों



का निर्वाह करते हुए संगठन की गोपनीयता व अखंडता बनाए रखेंगे।आप धर्म की रक्षा हेतु समर्पित होकर अपने देश तथा हिंदू समाज को एकजुट करने एवं सुरक्षा प्रदान करने में अपना महत्वपूर्ण सहयोग करेंगे। मंदिर मठ प्रकोष्ठ विश्व हिंदू महासंघ भारत द्वारा पण्डित आर.एन.द्विवेदी (राजू भैया) को यह दायित्व दिए जाने पर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवींद्र पुरी जी महाराज, जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ जी महाराज, जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानंद तीर्थ जी महाराज जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती जी महाराज,श्री उमा शक्तिपीठ पीठाधीश्वर स्वामी रामदेवानंद सरस्वती जी महाराज,आनंदम धाम पीठाधीश्वर सद्गुरु श्री ऋतेस्वर जी महाराज, स्वामी गिरीशानंद सरवस्ती जी महाराज,दूधेश्वर पीठाधीश्वर स्वामी नारायण गिरी जी महाराज (गाजियाबाद), गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज,जगतगुरु स्वामी सुतीक्षणदास देवाचार्य जी महाराज, जगतगुरु स्वामी विश्वेशप्रपन्नाचार्य जी महाराज, चतुर संप्रदाय के स्वामी फूलडोल दास जी महाराज, जगतगुरु स्वामी बलराम दास जी महाराज, महामंडलेश्वर नवल गिरी जी महाराज,महंत स्वामी लाडली दासजी महाराज, महंत सुंदर दासजी महाराज आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।साथ ही उनके मंगलमय भविष्य एवं दीघार्यु की कामना करते हुए अपना आशीर्वाद प्रदान किया है।

# परिषदीय विद्यालयों के नए शैक्षणिक सत्र में स्कूल चलो अभियान के तहत शतप्रतिशत नामांकन अभियान का डीएम ने किया शुभारंभ

### ›› नए शैक्षणिक सत्र पर डीएम ने बच्चों को दिया पाठ्य पुस्तक एवं सामग्री , हरी झंडी दिखाकर स्कूल चलो अभियान जागरूकता रैली को किया रवाना
### ›› बच्चे हैं भविष्य की नींव , अभिभावक अपने बच्चों का स्कूल में जरूर कराए नामांकन ; डीएम
### ›› एक भी बच्चा शिक्षा के अधिकार से ना हो वंचित , शत प्रतिशत बच्चों का कराए नामांकन ; डीएम

**मीडिया फॉर यू , देवीपाटन मंडल प्रभारी हाजी निसार उस्मानी**

**बलरामपुर;** नए शैक्षणिक सत्र में कोई भी बच्चा शिक्षा के अधिकार से वंचित न हो एवं सभी विद्यालय जाएं , इसके लिए नवागत डीएम पवन अग्रवाल द्वारा नवीन पहल करते हुए स्कूल चलो अभियान की तर्ज पर पूरे जनपद में नामांकन अभियान का शुभारंभ कंपोजिट विद्यालय शंकरपुर शिक्षा क्षेत्र बलरामपुर से किया गया। उन्होंने अभियान का शुभारंभ दीप प्रज्वलन




एवं मा सरस्वती जी के चित्र पर पुष्प अर्पण कर किया गया इस दौरान डीएम ने स्कूल के छात्रों से वार्ता की एवं प्रतिदिन स्कूल आने के लिए प्रेरित किया तथा विद्यालय के बच्चों को शैक्षणिक पाठ्य पुस्तक एवं सामग्री का वितरण किया । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बच्चों का शारीरिक , मानसिक एवं सर्वांगीण विकास विद्यालय के बिना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि बच्चे भविष्य की नई है , जनपद , प्रदेश एवं देश के विकास के लिए सभी अभिभावक कि बच्चों को विद्यालय जरूर भेजें । कोई भी बच्चा शिक्षा के अधिकार से वंचित न हो इसके लिए सभी शिक्षक शतप्रतिशत बच्चों का नामांकन कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में विभिन्न प्रकार की बीमारियां फैलती हैं और इन बीमारियों से बच्चे जो की काफी संवेदनशील होते हैं ज्यादा प्रभावित होते हैं। जिससे कि बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास से प्रभावित होता है, इसलिए जरूरी है कि सभी अपने घरों में स्वच्छता रखें , खान पान में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। इस दौरान डीएम द्वारा स्कूल चलो अभियान जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। डीएम ने विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### साल भर से ज्यादा बीता समय, 2000 रुपये के नोट को लेकर आरबीआई ने अब क्या नई जानकारी शेयर की

**नई दिल्ली एजेंसी।** 2000 रुपये के नोट के बारे में एक बार फिर से केंद्रीय बैंक रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की तरफ से जानकारी प्रदान की गई है। आरबीआई ने नोटों के बारे में जानकारी दी है जो अब तक बैंक के पास वापस जा चुके हैं। इसके अलावा उन नोटों के बारे में भी बताया है जो अभी तक लोगों के पास मौजूद हैं। आरबीआई ने कहा कि 19 मई, 2023 तक प्रचलन में 2000 रुपये के 97.87 प्रतिशत बैंक नोट वापस आ गए हैं। 2000 रुपये के बैंक नोटों को जमा करने और/या बदलने की सुविधा 7 अक्टूबर 2023 तक देश में बैंक शाखाएं सभी पर उपलब्ध थी। चलन में 2000 रुपये मूल्य के बैंक नोट का कुल मूल्य 19 मई 2023 को कारोबार की समाप्ति पर 3.56 लाख करोड़ रुपये था। यह 28 जून 2024 को कारोबार की समाप्ति पर घटकर 7,581 करोड़ रुपये रह गया। केंद्रीय बैंक ने बयान में कहा कि इस प्रकार 28 जून 2024 तक 2000 रुपये के 97.87 प्रतिशत बैंक नोट बैंकों में वापस आ गए हैं। 9 अक्टूबर, 2023 से आरबीआई के निर्गम कार्यालय भी व्यक्तियों और संस्थाओं से उनके बैंक खातों में जमा करने के लिए 2000 रुपये के बैंक नोट स्वीकार कर रहे हैं। इसके अलावा, जनता के सदस्य अपने बैंक खातों में क्रेडिट के लिए देश के किसी भी डाकघर से आरबीआई के किसी भी जारी कार्यालय में इंडिया पोस्ट के माध्यम से 2000 रुपये के बैंक नोट भेज रहे हैं। बैंक नोटों को जमा/विनिमय करने वाले 19 आरबीआई कार्यालय अहमदाबाद, बेंगलुरु, बेलापुर, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नई, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, जम्मू, कानपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, नई दिल्ली, पटना और तिरुवनंतपुरम में हैं। नवंबर 2016 में तत्कालीन प्रचलित 1000 रुपये और 500 रुपये के बैंक नोटों के विमुद्रीकरण के बाद 2000 रुपये के बैंक नोट पेश किए गए थे।

### डॉक्टर डे पर मदद एक फाउंडेशन नेता डॉक्टर को क्या सम्मानित तो वही रेडिको खेतान की ओर से ग्राम लदौरा में लगा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**रामपुर।** डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में रेडिको खैतान लिमिटेड के सौजन्य से जनपद रामपुर के चमरौआ ब्लॉक के गाँव लदौरा में सोमवार को निशुल्क आयुर्वेद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया` शिविर का आरम्भ रेडिको खेतान के उपाध्यक्ष विकास सक्सेना ने फीता काटकर किया उन्होंने इस अवसर पर कहा कि आयुर्वेद स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य समुदाय को आयुर्वेद के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता प्रदान करना है` यह स्वास्थ्य शिविर एक ऐसा मंच है जहां आयुर्वेदिक चिकित्सा और उपचार की विभिन्न विधियों को प्रस्तुत किया गया है । इस अद्वितीय उपक्रम में सभी उम्र के लोगों के लिए निःशुल्क सेवाएं प्रदान की गईं, जिससे समुदाय के गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों को भी आयुर्वेदिक चिकित्सा के लाभ प्राप्त करने का मौका मिला इसमें एस एल आयुरकेयर के वैद्य गुन्जन अग्रवाल ने व्यक्तिगत परामर्श दिया, और विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं जैसे डायबिटीज, शरीर के रोग, और प्राकृतिक उपचार के बारे में शिक्षा दी और निशुल्क आयुर्वेदिक दवाई वितरित की गई। कैम्प में रेडिको खेतान के विकास सक्सेना, निमिष भारद्वाज, इन्दरपाल सिंह, सन्दीप यादव ने भाग लिया `वहीं दूसरी ओर मदद एक फाउंडेशन की ओर से डॉक्टर डे पर डॉक्टर को सम्मानित किया गया फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतीक शर्मा ने बताया कि डॉक्टर भगवान का रूप होते हैं डॉक्टर का सम्मान हर व्यक्ति को करना चाहिए इस मौके पर जिला अध्यक्ष संचित कपूर शिवांगी चौरसिया आदि लोग मौजूद रहे

# समाजसेवी टीम ने लद्दाख शहीदों को समर्पित किया सामूहिक राष्ट्रगान

**मीडिया फॉर यू**

**मुजफ्फरनगर! भारतवीर प्रजापति**

मुजफ्फरनगर प्रमुख समाजसेवी मनीष चौधरी द्वारा सोमवार 1 जुलाई को सामूहिक राष्ट्रगान कार्यक्रम लद्दाख हादसे में शहीद हुए सेना के जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए समर्पित किया।प्रमुख समाजसेवी मनीष चौधरी और उनकी टीम के द्वारा सोमवार को शहीद प्रेमपाल सिंह चौराहा कूकड़ा ब्लॉक पर सुबह सामुहिक राष्ट्रगान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में भारत स्काउट एवं गाइड के बच्चों के द्वारा सुंदर देशभक्ति गीत प्रस्तुत करते हुए लोगों को राष्ट्र प्रेम और सामाजिक सद्भाव का प्रेरक संदेश देने का काम किया। समाजसेवी मनीष चौधरी के नेतृत्व में सर्व समाज के लोगों और बच्चों ने सामूहिक राष्ट्रगान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य तौर पर सर्व समाज के लोगों ने अपनी भागीदारी करते हुए आपसी सद्भाव को प्रस्तुत करने का काम किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाज सेवी मनीष चौधरी ने कहा कि पूरी समाजसेवी टीम प्रत्येक माह की पहली तारीख को देश और समाज की एकता को समर्पित सामूहिक राष्ट्रगान कार्यक्रम का आयोजन करते चली आ रही है। इसमें सर्व समाज के लोगों का हमें सराहनीय और सकारात्मक सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आज का हमारा यह है सामूहिक राष्ट्रगान लद्दाख में हुए हादसे के दौरान शहीद हुए सेना के पांच जवानों



को समर्पित है। उन्होंने कहा कि समाजसेवी टीम पूरी तरह से शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिजनों के साथ खड़ी है। उन्होंने लद्दाख के हादसे को दुखद बताते हुए कहा कि शहीद सैनिकों के परिवार जनों को सरकार तत्काल हर संभव सहायता और आर्थिक मदद पहुंचने का काम करें। उन्होंने भारत स्काउट गाइड के बच्चों के कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि स्काउट गाइड पूरी दुनिया में सेवा भाव को नई पीढ़ी में उतारने का काम कर रहा है। स्काउट गाइड से जुड़कर बच्चों में न केवल समाज सेवा बल्कि देश सेवा का जज्बा भी पैदा होता है।

भारत स्काउट गाइड की मुख्य आयुक्त डॉ. कंचन प्रभा ने प्रमुख समाजसेवी मनीष चौधरी के द्वारा लगातार आयोजित कराए जा रहे सामूहिक राष्ट्रगान कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि देश और समाज को जोड़ने के लिए ऐसी सोच सभी में विकसित हो तो हम एक सुंदर भारत बनाने में सफल हो सकते हैं। उन्होंने शहीद हुए सैनिकों को अपनी श्रद्धा भाव प्रस्तुत करते हुए कहा कि हम सभी को इन जवानों पर गर्व है और पूरा देश आज उनके परिवारों के साथ हर संभव मदद के लिए एकजुट होकर खड़ा है ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से

जिला कमिश्नर गाइड एवं प्रधानाचार्य वैदिक पुत्री पाठशाला इंटर कॉलेज नई मंडे डॉ. राजेश कुमारी, जिला संगठन कमिश्नर स्काउट भारत भूषण अरोरा, प्रभा दाहिया, ट्रेनिंग काउंसलर कुमारी ज्योति, अनुज कुमार (आई०टी० कोऑर्डिनेटर) का विशेष योगदान रहा। समाजसेवी टीम से कार्यक्रम को सफल बनाने में भारत लोक सेवक पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के. पी. चौधरी, मुस्लिम राष्ट्रीय मंच मेरठ प्रांत संयोजक फैजुर रहमान, सतपाल सिंगर व क्षेत्र के सभी सम्मानित व्यापारी मौजूद रहे ।कार्यक्रम के अंत में समाजसेवी मनीष चौधरी ने सभी का आभार किया और भारत स्काउट एवं गाइड के बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना की।

## परमवीर चक्र विजेता शहीद वीर अब्दुल हमीद की 92वीं जयंती पर नकुड़ में उन्हें पुष्प अर्पित कर याद किया गया

**मीडिया फॉर यू**

**नकुड़ (सहारनपुर)। काजी शाहिद अहमद**

आमजन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के तहसील स्थित संस्थान पर परमवीर चक्र विजेता शहीद वीर अब्दुल हमीद की 92वीं जयंती पर उन्हें याद किया गया। तथा पुष्प अर्पित करते हुए युवाओं से उनके जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही गई। सोमवार को आमजन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार देवेंद्र चौहान के तहसील मुख्यालय के निकट स्थित संस्थान पर एक कार्यक्रम आयोजित कर परमवीर चक्र विजेता शहीद वीर अब्दुल हमीद को याद किया गया। इस अवसर पर भूतपूर्व सैनिक



कैप्टन जसवीर सिंह ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा की 1965 में भारत-पाकिस्तान के युद्ध मे वीर अब्दुल हमीद ने पाकिस्तान के कई टैंक तबाह कर दिए थे। जिसके लिए भारत सरकार ने उन्हें परमवीर चक्र से सम्मानित किया था। कहा की युवाओं को शहीद वीर अब्दुल हमीद की देशभक्ति, त्याग व बलिदान से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित में देशसेवा को प्राथमिकता पर रखना चाहिए। वहीं इस मौके पर पुष्प अर्पित करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी एवं पूर्व सभासद शमशाद अली खान ने परमवीर चक्र से सम्मानित शहीद के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा की एक जुलाई 1933 को गाजीपुर में जन्में अब्दुल हमीद ने कालांतर में ऐसा कीर्तिमान स्थापित किया जिसकी मिसाल आज भी दी जाती है। उन्होंने कहा की वास्तव में जो अपनी मिट्टी पर शहीद होते हैं वे लोग अमर हो जाते हैं, उनका बलिदान महान होता हैं।' हमें शहीद वीर अब्दुल हमीद से प्रेरणा लेनी चाहिए कैसे उन्होंने अपनी जान देश पर निछावर कर दी थी। देवेंद्र चौहान ने भी पुष्प अर्पित करते हुए युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर देशहित में कार्य करने की अपील की। इस दौरान ओमकार सिंह, पत्रकार राशिद खान, मनोज चौहान, संजीव शर्मा, संतोष शर्मा, विकास शर्मा, राहुल, अंशुल आदि ने भी वीर अब्दुल हमीद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

## मेधा पाटकर को 5 महीने की जेल, एलजी वीके सक्सेना से जुड़ा है मामला

**नई दिल्ली एजेंसी।** दिल्ली की एक अदालत ने 1 जुलाई को सामाजिक कार्यकर्ता और नर्मदा बचाओ आंदोलन (एनबीए) नेता मेधा पाटकर को वर्तमान उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना द्वारा उनके खिलाफ दर्ज कराए गए दो दशक से अधिक पुराने आपराधिक मानहानि मामले में पांच महीने की कैद की सजा सुनाई। साकेत कोर्ट के मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट राघव शर्मा ने 25 मई को सुश्री पाटकर को भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 500 के तहत आपराधिक मानहानि के अपराध के लिए दोषी ठहराया। वीके सक्सेना उस समय एक गैर सरकारी संगठन, नेशनल काउंसिल फॉर सिविल लिबर्टीज के अध्यक्ष थे। उन्होंने 2001 में मानहानि का मामला दायर किया था, जब उनके अनुसार पाटकर ने उनके द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से उन्हें बदनाम किया था। एक टीवी चैनल पर उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने और मानहानिकारक बयान जारी करने के आरोप में सक्सेना ने उनके खिलाफ दो मामले भी दर्ज कराए थे। मामले में पाटकर को दोषी ठहराते हुए, मजिस्ट्रेट अदालत ने कहा था कि सक्सेना के खिलाफ उनके बयान "न केवल मानहानिकारक थे, बल्कि नकारात्मक धारणाओं को भड़काने के लिए भी तैयार किए गए थे> अदालत ने सोमवार को फैसला सुनाते हुए कहा कि पाटकर की उम्र, स्वास्थ्य और सजा की अवधि को देखते हुए उन्हें कठोर कारावास की सजा नहीं दी गई। पाटकर ने अदालत के समक्ष जमानत याचिका दायर की है।

## टीएमसी सांसद साकेत गोखले को हाई कोर्ट से लगा बड़ा झटका, 50 लाख रुपये हजार्ना देने का आदेश

**नई दिल्ली एजेंसी।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को एआईटीएमसी सांसद साकेत गोखले को मानहानि के मामले में संयुक्त राष्ट्र की पूर्व सहायक महासचिव लक्ष्मी पुरी को 50 लाख रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त, गोखले को टाइम्स ऑफ इंडिया और अपने ट्विटर हैंडल पर माफीनामा पोस्ट करना होगा, माफीनामा ट्विटर पर छह महीने तक रहेगा। मानहानि का मुकदमा गोखले द्वारा जून 2021 में पोस्ट किए गए ट्वीट्स से उत्पन्न हुआ, जहां उन्होंने आरोप लगाया कि पुरी और उनके पति ने काले धन से स्विट्जरलैंड में संपत्ति खरीदी। ट्वीट में प्रवर्तन निदेशालय से जांच की भी मांग की गई।

उन्होंने राजनयिक और उनके पति, केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी की आय के स्त्रोतों पर आरोप लगाते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कई पोस्ट भी किए।



वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह के नेतृत्व में और करंजावाला एंड कंपनी द्वारा समर्थित पुरी की कानूनी टीम ने तर्क दिया कि ये दावे झूठे थे और पुरी की प्रतिष्ठा के लिए हानिकारक थे। जस्टिस अनुप जयराम भंभानी ने फैसला सुनाते हुए कहा कि गोखले के बयानों से पुरी को अपूरणीय क्षति हुई है। अदालत ने गोखले को आगे के अपमानजनक प्रकाशनों से रोक दिया और इस बात पर जोर दिया कि मौद्रिक मुआवजा पुरी की प्रतिष्ठा को पूरी तरह से बहाल नहीं कर सकता। हालाँकि, सभी कारकों पर विचार करते हुए, गोखले को आठ सप्ताह के भीतर 50 लाख रुपये का हजार्ना देने का आदेश दिया गया।

पुरी का सिविल मुकदमा करणजावाला एंड कंपनी द्वारा दायर किया गया था, जिसमें मेघना मिश्रा, तरुण शर्मा, पलक शर्मा और श्रेयांश राठी की टीम शामिल थी। अदालत का फैसला सार्वजनिक जीवन में व्यक्तियों के खिलाफ असत्यापित और अपमानजनक बयान देने के गंभीर परिणामों पर प्रकाश डालता है। उच्च न्यायालय ने आदेश में संशोधन की मांग करने का उनका अधिकार सुरक्षित रखा था। कथित तौर पर, पीठ ने कहा कि किसी भी नागरिक को लोक सेवक की आय के स्त्रोतों पर टिप्पणी करने का अधिकार है, लेकिन देश के कानून के अनुसार संबंधित नागरिक को अपने आरोपों को प्रकाशित करने से पहले उस व्यक्ति से स्पष्टीकरण मांगना होगा या मामले के संबंध में अधिकारियों से संपर्क करना होगा।

## देश की एक बेटी ऐसी भी जो बनी है हर लावारिस की वारिस

### >> रब ने जो दी जिम्मेदारी मैं उसको निभाऊंगी अज्ञात शवों को न कहे लावारिस मैं हूं इन सबकी वारिस : क्रांतिकारी शालू सैनी

**मीडिया फॉर यू**

**मुजफ्फरनगर! भारतवीर प्रजापति**

मुजफ्फरनगर। समाज सेवा में कीर्तिमान स्थापित करने वाली पहली महिला ने समाज सेवा में अपने नाम की अलग ही पहचान बनाई हैं। शहर के मौहल्ला कृष्णा पुरी निवासी साक्षी वेलफेयर ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष क्रांतिकारी शालू सैनी ने समाज सेवा करने में सबका रिकॉर्ड तोडने में कामयाबी हासिल की हैं। पहले क्रांतिकारी शालू सैनी को साक्षी वेलफेयर ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में जाना जाता था, मगर समाज सेवा के क्षेत्र में निस्वार्थ भाव से क्रांतिकारी शालू सैनी द्वारा उठाये गये एक कदम ने उनको जनपद के साथ साथ समूचे प्रदेश एवं पडोसी प्रदेशों में लावारिसों की वारिस के नाम से प्रसिद्ध( कर दिया हैं। बतादे कि यह उपलब्धि चंद



समय में ही हासिल कर ली गई। वहीं समाज सेवा करने में अभी तक जनपद से किसी भी समाज सेवक का नाम गिनीज बुक में दर्ज नही हो पाया हैं , मगर क्रांतिकारी शालू सैनी ने यह उपलब्धि भी हासिल कर ली हैं। समाज सेवा तो क्रांतिकारी शालू सैनी बहुत पहले से करती आ रही हैं, मगर लॉक डाउन के समय में लोगों का दर्द सहन नही हो पाया और अपना जीवन समाज सेवा के लिए अर्पण करने की मन में ठान ली। क्रांतिकारी शालू सैनी द्वारा समाज सेवा करने के लिए मन से लिए गये फैसले व सुद्दढ निश्चय के कारण ही आज लावारिसों की वारिस क्रांतिकारी शालू सैनी हजारों करोडो की संख्या में फैंस उनको अपना आइडियल मानते हैं और उनके बताये गये रास्तो को अपने जीवन मे उतारकर क्रांतिकारी शालू सैनी के आदर्शो पर चलना चाहते हैं।लावारिसों की वारिस क्रांतिकारी शालू सैनी द्वारा फिर एक बार लावारिस का सिर मौर बन कर मुखाग्नि दी गई और पंच तत्व में विलीन किया गया। शहर के थाना बुढ़ाना थाना क्षेत्र में लावारिस लाश की सूचना पर क्रांतिकारी शालू सैनी द्वारा मौके पर जाकर लावारिस को अपनाते हुए उसको अपना नाम दिया और विधि विधान पूर्वक लावारिस को अपने परिवार का सदस्य मानते हुए हिन्दू रिति रिवाज से अंतिम संस्कार किया गया हैं। क्रांतिकारी शालू सैनी के इस कार्य की अपने जनपद ही नहीं समूचे उत्तर प्रदेश के साथ साथ पडोसी राज्यों में भी चर्चा का विषय बना हुआ है कि एक महिला होने के बावजूद समाज सेवा के प्रति इस कदर पागल होना और महिलाओं के एक मिशाल बनकर उभरना काबिले तारीफ हैं। साथ ही उन्होंने जनता से अपील भी की ह अंतिम संस्कार की सेवा में इच्छा अनुसार सभी सहयोग भी करे गुगल पे पेटीएम फोन पे 8273189764 साथ ही सभी सहयोगियों का भी धन्यवाद किया निवेदक राजू सैनी महासचिव साक्षी वेलफेयर ट्रस्ट

## आईएएस संतोष कुमार को सहारनपुर विकास प्राधिकरण की जिम्मेदारी सौंपी गई

**मीडिया फॉर यू**

**सहारनपुर। काजी शाहिद अहमद**

यूपी सरकार ने सहारनपुर विकास प्राधिकरण का कमिश्नर आईएएस संतोष कुमार राय को बनाया है।

संतोष कुमार मूल रूप से बिहार के समस्तीपुर के रहने वाले हैं। वो 2013 बैच के आईएएस हैं, और उन्होंने 107वीं रैंक हासिल की थी। संतोष कुमार अरुणाचल एसएसबी में सेक्रेट्री और कंट्रोरल ऑफ एग्जाम के पद पर नियुक्त थे। आईएएस संतोष कुमार ने समस्तीपुर से प्रारंभिक शिक्षा ली थी। इसके बाद वो ग्रेजुएशन के लिए दरभंगा सीएम कॉलेज आ गए। वहां पॉलिटिकल साइंस से बीए करने के बाद उन्होंने तैयारी



शुरू कर दी। सबसे पहले 2009 उन्होंने एसएससी सीजीएल और असिस्टेंट कमांडेट की परीक्ष पास की। चयन होने के बाद उन्होंने असिस्टेंट कमांडेट की एक साल की ट्रेनिंग पूरी की। इसके बाद उनका चयन 2010 में असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर के पद पर हुआ। दिल्ली में ज्वाइन करने के बाद उन्होंने तैयारी शुरू की। 2011 में यूपीएससी प्री निकला लेकिन मेंस में होते-होते रह गया। परंतु संतोष कुमार यहीं नहीं रुके, 2012 में उन्होंने यूपीएससी क्वालीफाई किया और उन्हें आईआरएस मिला। नागपुर में वो आईआरएस की ट्रेनिंग कर रहे थे की 2013 में उनको फिर से यूपीएससी के इंटरव्यू का कॉल आया। इस बार उनकी मेहनत रंग लाई और उन्हें आईएएस मिल ही गया। पूर्व की सेवाओं में वे कई असम्भव लगने वाले कामों को अंजाम दे चुके हैं, जैसे उन्होंने अरुणाचल स्टाफ सेलेक्शन बोर्ड (एसएसबी) में रहते हुए महज 9 घंटे में परीक्षा परिणाम घोषित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उदाहरण के तौर पर जिस अभ्यर्थी ने रविवार को परीक्षा दी थी, सोमवार सुबह वो सरकारी कर्मचारी बन गया था। अब वे सहारनपुर विकास प्राधिकरण के नए कमिश्नर बनाए गए हैं, उनके पूर्व के कार्यों को देखते हुए यहां भी उनसे कुछ ऐसे ही कारनामों की आशा की जाएगी।

## बी ए तृतीय सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में एस डी कॉलेज ऑफ कॉमर्स के विद्याथीयों का सफल प्रदर्शन

**मीडिया फॉर यू**

**मुजफ्फरनगर!भारतवीर प्रजापति**

मुजफ्फरनगर माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय,सहारनपुर द्वारा बी ए तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित किया गया, जिसमें एस डी कॉलेज ऑफ कॉमर्स, मुजफ्फरनगर के बी ए तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। इस अवसर पर इन सभी विद्याथीयों को प्राचार्य डा सचिन गोयल एवं विभागाध्यक्षा एकता मित्तल द्वारा परीक्षा में उनके श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।कल्याणी चौधरी व अनामिका ने संयुक्त रूप से 85.7 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान, अंशिका जिंदल ने 82.9 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान



प्राप्त किया तथा तुषार कुमार ने 80.5 प्रतिशत अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्याथीयों ने इस उत्कृष्ट प्रदर्शन का श्रेय अपने माता-पिता व महाविद्यालय के समस्त अध्यापकों को दिया ।प्राचार्य डा सचिन गोयल ने इस अवसर पर कहा कि विद्यार्थियों के लिए परीक्षा का समय हमेशा एक अत्यंत महत्वपूर्ण समय होता है, जो उनकी मेहनत, समर्पण और निरंतर प्रयास का परिणाम होता है। इस वर्ष भी हमारे विद्यार्थियों ने अपनी परीक्षाओं में बहुत मेहनत की है और हम सबको गर्व है कि वे अपनी उत्कृष्टता को साबित कर रहे हैं। उन्होनें विद्यार्थियों को आगामी वर्ष के लिए नए लक्ष्यों और प्रतिस्पर्धा के रूप में तैयार होने की प्रेरणा भी दी जाती है। उन्हें हमेशा याद रखना चाहिए कि शिक्षा का सच्चा मकसद ज्ञान और अनुशासन में स्थिति नहीं, बल्कि जीवन में सफलता और सम्मान है क इस अवसर पर विभागाध्यक्षा श्रीमति एकता मित्तल व सभी शिक्षकों ने विद्याथीयों को शुभकामनाएं दी और उनको भविष्य में भी इसी प्रकार उन्नति करने हेतु प्रेरित किया ।इस अवसर पर मानविकी संकाय से नीरज कुमार, डा योगिता पुण्डीर, सपना चौहान, डा नीतू पंवार, वीरेन्द्र कुमार, सोहन लाल, गरिमा कंसल, कमर रजा व नितिन गोयल आदि मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## नए कानून के विषय में एसपी ग्रामीण ने थाने में गोष्टी का आयोजन किया



**मीडिया फॉर यू, बिजनौरः अतीक अहमद**

चांदपुर 1 जुलाई सन 2024 को देशभर में नया कानून लागू हो गया है जिसके परिपेक्ष में थाने के प्रांगण में अपर पुलिस अधीक्षक राम अर्ज की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें सभी लोगों को नए कानून के बारे में जानकारी दी गई अपर पुलिस अधीक्षक राम अर्ज ने बताया कि ब्रिटिश शासन काल से चले आ रहे कानून में सरकार ने कुछ बदलाव किए हैं जो जनता के हित में है नए नियमों से पुलिस और पब्लिक को काफी राहत मिलेगी संसद में पास नए कानून से जुडिशयरी को भी काफी मदद मिलेगी थाने में आयोजित मीटिंग में शहर व क्षेत्र के काफी संख्या मे गणमान्य लोगों ने भाग लेकर अपने अपने विचार रखें इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार बैसला ने भी लोगों को नए कानून के बारे में विस्तार से जानकारी दी

## महोत्सव मेले में बाहर से आए शायरों का जबरदस्त मुकाबला



**मीडिया फॉर यू, बिजनौरः अतीक अहमद**

चांदपुर में पहली बार लगा है इतना बड़ा दुबई सिटी कार्निवल महोत्सव मेला इस दुबई सिटी मेले का अंदाज ही कुछ अलग है लोग मेला देखने के लिए बडी बड़ी दूर दूर से आ रहे हैं इस नुमाइश में रोज नए से नए आईटम चेन्ज किये जाते है जिसमें कभी तो शायरों का मुकाबला कभी कव्वाली का मुकाबला कभी शेखचिल्ली का तो कभी फिल्मी हीरो कभी कोई यूं टूवर आकर मेले कि सौभा बढ़ा रहे हैं इस महोत्सव मेले में रोज नए से नए अंदाज में कलाकार आ रहे है इस मेले में मनोरंजन के लिए तरह तरह के झूले और एक बड़ा सर्कस भूत बंगला और भी बच्चों के काफी तरह के झूले मेले में लगे हुए हैं हल्वा पराटे का मशहूर होटल और बच्चों के लिए पानी में नांव और मेले में ठेकेदार जाने आलम द्वारा जनता के लिए सभी तरह की सुविधाए दी जा रही है इस नुमाइश में दुबई सिटी कार्निवल लगा हुआ है जिसको देखने के लिए लोग दूर-दूर से आ रहे हैं नुमाइश में ठेकेदार जाने आलम द्वारा बताया गया कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम है हमने मेले में घूमने वाली जनता से पूछा तो उन्होंने बताया कि इस बार नुमाइश में ठेकेदार जाने आलम द्वारा पुलिस का काफी अच्छा इंतजाम किया हुआ है मेले में घूमने वाली औरते भी अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रही है मेला बड़ी ही शान्ति पूर्वक तरीके से चल रहा है जिसको देखने के लिए लोग दूर-दूर से आ रहे हैं ठेकेदार जाने आलम ने बताया कि इस बार मेला बड़े ही शान्ति पूर्वक तरीके से चल रहा है

## नकली बाबू ने शिकायतकर्ता को धमकाया

**मीडिया फॉर यू**

**बरेली।** जनपद के मोहनपुर मसीतगंज गोटिया निवासी दो शिकायतकताओं द्वारा नगर पंचायत ठिरिया निजावत खां में हो रहे भ्रष्टाचार की शिकायत मुख्यमंत्री सहित आला अधिकारियों से की गई है जिसमें एक शिकायतकर्ता रिशब पुत्र मुनीश ने बताया शिकायत की खबर पड़ते ही सोमवार को उसको नगर पंचायत कार्यालय बुलाया गया और वहां उसको धमकाया गया शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया गया रिशब ने बताया नगर पंचायत कार्यालय में मुकेश सफाई कर्मी के पद पर तैनात है और वह लम्बे समय से मूल पद पर कार्य न करके लिपिक (बाबू) का कार्य कर रहा है उसके साथ साथ अन्य सफाई कर्मियों का शोषण करता आ रहा है इसके अलावा उसके द्वारा किए जा रहे अन्य भ्रष्टाचार की शिकायत उसके द्वारा की गई शिकायत से बौखलाकर सोमवार को उसको नगर पंचायत कार्यालय में बुलाकर मुकेश ने पहले एक महीने का वेतन काटने की धमकी दी उसके बाद शिकायत बापस न लेने पर नौकरी से निकालने की धमकी देते हुए कहा उसका कोई अधिकारी कुछ नहीं बिगाड़ सकता। रिशब ने बताया उक्त मुकेश ने भ्रष्टाचार घोटाले करते हुए तमाम आय से अधिक करोड़ो की संपत्ति जुटा ली है और रूपयों के बल पर वह उसके व उसके परिवार के साथ कोई भी अप्रिय घटना घटित कर सकता है।

## पुलिस अधीक्षक बलरामपुर द्वारा को0 नगर परिसर में चौपाल लगाकर लागू हुए नये कानूनों के प्रति जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**मीडिया फॉर यू , देवीपाटन मंडल प्रभारी हाजी निसार उस्मानी**

**बलरामपुर** ; दिनांक 01.07.2024 को पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा थाना को0 नगर परिसर में चौपाल लगाकर आज 01 जुलाई 2024 से लागू होने वाले नए कानूनों के प्रति जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नवीन कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के बारे में उपस्थित ग्राम प्रधान, पूर्व ग्राम प्रधान,अधिवक्तागण,पत्रकार बंधुओ एवं क्षेत्र के स्वतंत्र संभ्रांत जागरूक व्यक्तियों, समाजसेवियों के साथ नए कानून के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा कर जागरूक किया गया । इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक बलरामपुर दक्षिणी श्रीमती नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी नगर एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे।

# मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जिला पर्यटन संस्कृति परिषद की बैठक हुई

बिजनौरः अतीक अहमद

चांदपुर बिजनौर के मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित उनके कार्यालय कक्ष में जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक आयोजित हुई मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जिले में पर्यटन का मुख्य उद्देश्य ऐतिहासिक धार्मिक सांस्कृतिक एवं पौराणिक स्थलों को विकसित करना है उन्होंने कहा कि बिजनौर जिले का वातावरण पर्यटन को उद्योग के रूप में विकसित करने लिये अनुकूल है तथा पर्यटकों की रूची के लिए वन्य जीव एवं सम्पदा ऐतिहासिक धार्मिक एवं प्राकृतिक स्थान पर्याप्त संख्या में मौजूद हैं उन्होंने कहा कि जिला बिजनौर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के प्रयास को और



अधिक गति प्रदान की जाएगी उन्होंने बताया कि इसी क्रम में कण्व आश्रम गंगा बैराज पीली डेम तथा आमानगढ़ सहित अन्य स्थलों को विकसित किए जाने का कार्य प्रगति पर है मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उक्त सम्बन्ध में निर्देश दिए कि वन सिंचाई एवं राजस्व विभाग द्वारा स्थलिय कार्यों का संयुक्त रूप से निरीक्षण करें और निंर्विादित रूप से कार्य योजना को धरातल पर उतारें ताकि पर्यटन विकास के लिए परियोजनाओं का निर्माण किया जा सके उन्होंने पर्यटन के दृष्टिगत जिले के मुख्य मार्गों पर आवश्यकता के अनुसार भूमि की उपलब्धता एवं पर्यटन विभाग के विभिन्न प्रायोजन के लिए भूमि की आवश्यकता की भी समीक्षा की बैठक के दौरान उप निदेशक पर्यटन ब्रजपाल सिंह द्वारा जिले के अमानगढ़ टाईगर रेंज पीली डेम गंगा बैराज विदुर कुटी कण्व आश्रम सहित अन्य एतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों को विकसित करने के लिए बनाई गई कार्ययोजना का पीपीटी के माध्यम से प्रदर्शन किया गया मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक में एजेण्डा बिन्दुओं पर्यटन विभाग की क्रियान्वित योजनाओं की प्रगति मा० मुख्यमंत्री पर्यटन संवर्धन योजन राज्य सेक्टर योजना पर्यटन विभाग की वर्ष 2024-25 के लिए प्रस्तावित राज्य योजना पर्यटन विभाग की ईको टूरिज्म के अन्तर्गत प्रस्तावित योजनाओं पर्यटन नीति-2022 निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त प्रस्ताव इधर्मार्थ कार्य विभाग द्वारा जिले के धर्मार्थ मार्गो के चौड़ीकरण सुदृढ़ीकरण एवं विकास प्रस्तावों बिजनौर महोत्सव के आयोजन सहित अन्य बिंदुओं की गहन समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को निर्गत किए इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर मनोज कुमार जिला पर्यटन अधिकारी सु0 श्री मनीषा राना अर्थ एवं संख्या अधिकारी सुश्री लक्ष्मी देवी उपायुक्त उद्योग जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जयकरण यादव अधिशासी अभियंता सिंचाई अधिशासी अभियंता लोनिवि सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे

## अदम्य साहस वीरता की अद्भुत मिसाल थे वीर अब्दुल हमीदः वसीम राईन

**मीडिया फॉर यू, बाराबंकीः अशरफ अली**

अदम्य साहस वीरता और देशभक्ति से ओतप्रोत वीर अब्दुल हमीद हमेशा आमजन के दिलो में बसे रहेंगे। उनकी कुबार्नी देश के लिए बेहद अनमोल है। युवा पीढ़ी उनसे प्रेरणा लेकर राष्ट्रवाद की राह पर चले और जरूरत पड़ने पर खुद को राष्ट्र के नाम पर न्यौछावर कर दे। बस यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

यह बात आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने आवास पर वीर अब्दुल हमीद की जयंती पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा मे कही। उन्होंने बताया कि वीर अब्दुल हमीद का जन्म उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के धामूपुर गाँव में एक जुलाई 1933 में एक साधारण, मसऊदी (डफाली) परिवार में हुआ था। वह पसमांदा समाज मे दर्जी बिरादरी से आते थे। उनकी माता का नाम सकीना बेगम और पिता का नाम मोहम्मद उस्मान था। कहा कि अब्दुल हमीद मसऊदी 27 दिसम्बर 1954 को भारतीय सेना के ग्रेनेडियर रेजीमेंट में भर्ती हुए। बाद में उनकी तैनाती



रेजीमेंट के 4 ग्रेनेडियर बटालियन में हुई।जहां उन्होंने अपने सैन्य सेवा काल तक अपनी सेवाएं दीं। उन्होंने अपनी इस बटालियन के साथ आगरा, अमृतसर, जम्मू-कश्मीर, दिल्ली, नेफा और रामगढ़ में भारतीय सेना को अपनी सेवाएं दीं। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने उनके साहस की चर्चा करते हुए कहा कि भारत-चीन युद्ध के दौरान अब्दुल हमीद मसऊदी की बटालियन सातवीं इंफैन्ट्री ब्रिगेड का हिस्सा थे, जिसने ब्रिगेडियर जॉन दलवी के नेतृत्व में नमका-छू के युद्ध में पीपल्स लिबरेशन आर्मी से लोहा लिया। इस युद्ध में सेकेंड लेफ्टिनेंट जीवीपी राव को मरणोपरांत अद्भुत शौर्य और वीरता के प्रदर्शन के लिए महावीर चक्र से सम्मानित किया गया। अब्दुल हमीद मसऊदी के सम्मान से पहले इस बटालियन को भारत की स्वतंत्रता के पश्चात मिलने यह सबसे बड़ा वीरता पुरस्कार था। उन्होंने अपने सेवा काल में सैन्य सेवा मेडल, समर सेवा मेडल और रक्षा मेडल से सम्मान प्राप्त किया था। 1965 के युद्ध में असाधारण बहादुरी के लिए उन्हें पहले महावीर चक्र और फिर सेना का सर्वोच्च सम्मान परमवीर चक्र से अलंकृत किया गया। सारा देश उनकी बहादुरी को प्रणाम करता है।इस अवसर पर निसार राईन, मैनुद्दीन अंसारी, सईद राईन,महमूद चौधरी,इमरान राईन,सरफराज सिद्दीकी आदि लोग मौजूद थे !

## 03 नये कानून के सम्बन्ध में बाराबंकी पुलिस द्वारा आयोजित की गयी गोष्ठी



**मीडिया फॉर यू, बाराबंकी संवाददाता अशरफ अली**

पुलिस अधीक्षक बाराबंकी श्री दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद बाराबंकी में आज दिनांक 01.07.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी/दक्षिणी व समस्त क्षेत्राधिकारीगण व प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा अपने-अपने थानों पर गोष्ठी का आयोजन कर आम नागरिकों एवं सम्भ्रांत व्यक्तियों को देशभर में आज से लागू हुए 03 नए कानून- भारतीय न्याय संहिताभारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया।

## उतरौला नगर की सिकुड़ती गलियों से आवा गमन में राहगीरों को हो रही भारी परेशानी

**मीडिया फॉर यू**

**मसीउद्दीन खान मस्सू**

**उतरौला बलरामपुरः** उतरौला नगर की कुछ मुख्य गलियां जिनमें पहले ट्रक आ जा सकते थे। उन गलियों में आजकल एक छोटी सी कार जाने भर की गुंजाइश नहीं बची है। जैसे इंसानों में कुपोषण हो जाता है, तो वह एकदम सिकुड़ जाते हैं, वैसे ही इस वक्त उतरौला नगर की सारी गलियों का हाल है। मिसाल के तौर पर ज्वाला महारानी मंदिर से गुरुद्वारा जाने वाली गली जिसमें आसानी से ट्रक निकल जाता था, अब यह गली सिकुड़ कर कुपोषण का शिकार हो गई है। ऐसे ही ज्वाला महारानी मंदिर से सरकारी अस्पताल जाने वाली गली का भी यही हाल है। अतिक्रमण इस कदर है कि एक छोटी कार लेकर आप इस गली से नहीं निकल सकते हैं। यही हाल राजा बाजार से फगुइय्या जाने वाली सड़क का है। और नगर महिला पुलिस चौकी के बगल वाली गली का भी



यही हाल है। ऐसे ही गालियां सिकुड़ती रही तो एक दिन उतरौला नगर बहुत बड़ी त्रासदी से गुजरेगा।और किसी गली मोहल्ले में आग लग जाएगी तो दमकल की गाड़ी भी मौके पर नहीं पहुंच पाएगी। वाह रे उतरौला की आदर्श नगर पालिका, अगर वक्त रहते गलियों मोहल्लों समेत नगर की मुख्य सड़कों से अतिक्रमण नहीं हटवाया गया तो किसी दिन बहुत बड़ी अनहोनी हो सकती है। और इसकी जिम्मेदारी उतरौला नगर पालिका व प्रशासन की होगी। ऊपर वाला जाने किस बात का इंतजार है। जब-तक कोई भीषण त्रासदी नहीं होगी तब तक प्रशासन जागेगा नहीं।

## वीर अब्दुल हमीद का 91 वा जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया

**मीडिया फॉर यू**

**बिजनौरः अतीक अहमद**

चांदपुर तहसील के अंतर्गत नूरपुर क्षेत्र में समाजवादी आंदोलन पार्टी कार्यालय दौलतपुर बिल्लौच में परमवीर चक्र विजेता शहिद वीर अब्दुल हमीद का 91वा जन्म दिन बड़ी धूमधाम से मनाया और उनके बारे में अकबर नबी इदरीसी राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया अब्दुल हमीद का जन्म 1जुलाई 1933 को उत्तर प्रदेश राज्य के गाजीपुर जिले के गांव धामूपुर में वालिद मोहम्मद उस्मान मुस्लिम दर्जी इदरीसी के घर उनकी मां सकीना बेगम ने जन्म दिया वीर अब्दुल हमीद 1965 के भारत और पाकिस्तान के बीच हुए युद्ध में शहादत की परम ऊंचाई प्राप्त किए परमवीर चक्र विजेता को भारत देश भुला नहीं पाएगा उपस्थित गण अकबर नबी इदरीसी राष्ट्रीय अध्यक्ष नवाब मलिक राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं प्रत्यासी जिला पंचायत




सदस्य डॉ वसीम सिद्दीकी युवा प्रदेश अध्यक्ष धर्मवीर सिंह दिवाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष एससी समाज नवाब अली इदरीसी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ जावेद इदरीसी यूनाइटेड इदरीसी फ्रंट प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी सुनील कुमार प्रदेश सचिव ठाकुर प्रमोद कुमार चौहान नूरपुर विधानसभा प्रभारी मोहम्मद रफी मिकरानी प्रदेश कोषाध्यक्ष मुस्तफा इदरीसी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य तंजीम अहमदअंसारी युवा प्रदेश सचिव आयरन मलिक कार्यकर्ता डॉ शकीरा हुसैन सैफी प्रदेश सचिव नौशाद सिद्दीकी अब्दुल रहमान इदरीसी सलीम अहमद प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य दिलशाद अहमद नूरपुर नगर अध्यक्ष हकीम अशरफ कुरैशी डॉ जुनैद इदरीसी सलमान मलिक राहुनांगली वाले सैफी समीर सिद्दीकी नोमन इदरीसी आदि लोग मौजूद रहे

## 30/6/2024 को केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन उतरौला के नवनियुक्त अध्यक्ष, अरशद हसन खान, कोषाध्यक्ष आफाक अहमद, व मंत्री संजय कुमार गुप्ता, के पद शपथ ग्रहण का प्रोग्राम एस एन मैरिज हाल में किया गया

**मीडिया फॉर यू**

**मसीउद्दीन खान मस्सू**

**उतरौला बलरामपुरः** दिनांक 30/6/2024 दिन रविवार स्थान एस एन मैरिज हॉल उतरौला में केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन उतरौला का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि राकेश सिंह प्रदेश संगठन मंत्री सी डी एफ यू पी एवं विशिष्ट अतिथि अजय श्रीवास्तव प्रदेश रीजनल सचिव एवं जिला अध्यक्ष बलरामपुर रघुनाथ अग्रवाल एवं नगर पालिका अध्यक्ष उतरौला प्रतिनिधि अनूप चंद्र



गुप्ता, जिला महामंत्री गोंडा सुभाष चंद्र शर्मा, और जिला कोषाध्यक्ष गोंडा नवनीत सिंघल , एवं चंदन तिवारी, जिला बलरामपुर फूड सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार पांडे, उपस्थित रहे। राकेश सिंह, प्रदेश संगठन मंत्री उतरौला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन उतरौला के अध्यक्ष अरशद हसन खान, महामंत्री संजय कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष आफाक अहमद, को ईश्वर के नाम पर शपथ दिलाई गई। जिसमें उतरौला केमिस्ट एसोसिएशन के सदस्य मुजीब खान, अब्दुल हलीम, संजीव श्रीवास्तव, जितेंद्र गुप्ता, नितेश गुप्ता, दीपक गुप्ता, समेत बहुत से लोग शामिल हुए।

## लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों व ठेकेदारों के खिलाफ शिव सैनिकों का प्रदर्शन

**मीडिया फॉर यू**

**बिजनौरः अतीक अहमद**

चांदपुर धनौरा रोड पर सड़क चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है लेकिन अभी कुछ समय से रोड़ बनाने का कार्य रुका पडा है कुछ लोगों ने बताया कि इस रोड को बना रहा ठेकेदारा सही कार्य नहीं कर रहा है इस बात को लेकर शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह द्वारा उपजिला अधिकारी व लोक निर्माण के अधिशासी अभियंता व अपर जिलाधिकारी बिजनौर व जिलाधिकारी से शिकायत की थी लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई ना होने के कारण शिव सैनिकों ने शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह व पंडित नरेश कुमार शर्मा के



नेतृत्व में शिव सैनिक ने धनौरा रोड पर हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए सड़क के किनारे दुर्घटनाओं के रेड चिन व पनी व चूना व सड़क की साइड में पत्थर व निशान लगाए जिस से दुर्घटना ना हो लोक निर्माण विभाग के द्वारा चांदपुर से धनौरा रोड पर 6 /6 मी दोनों तरफ सड़क का निर्माण होना है चार माह पहले लोक निर्माण विभाग व ठेकेदार के द्वारा 4 माह पश्चिम की साइड को खोद दिया गया था अभी वह साइड बनी भी नहीं थी एक माह पहले पूर्व की साइड खोद दी गई चार-पांच माह से दोनों साइड खुदी पड़ी है ठेकेदार द्वारा सड़क की मिट्टी खोदकर दो नंबर में बेची जा रही है सड़क के दोनों साइड में तीन-तीन फीट गहरे गड्ढे होने से छोटे वाहन नीचे उतर जाते हैं और दुर्घटना हो जाती हैं चार माह में कम से कम 25 से 30 एक्सीडेंट हो चुके हैं और कई लोगों की जान जा चुकी है मगर ठेकेदार व अधिकारियों के कानों पर जू नहीं रेंगी और दुर्घटनाओं का सिलसिला जारी है 1 तारीख से बच्चों के स्कूल खुल गए हैं इसे देखते हुए शिव सैनिकों ने रेड पट्टी लगाकर मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क का निर्माण कराया जाए अन्यथा शिव सैनिक बिजनौर कलेक्ट में धरना प्रदर्शन करेंगे और जिलाधिकारी बिजनौर का घेराव करेंगे जिसमें जिला महामंत्री शोभित गुर्जर राहुल गुर्जर राजीव अहलावत बंटी अहलावत कमल प्रजापति पंडित नरेश शर्मा लकी सागर हिमांशु किट्टू चौधरी आदि काफी संख्या मे शिव सैनिक मौजूद रहे

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, नीरज कुमार गुप्ता ने मैं0 मोनेक्स ऑफसेट एस डी कांप्लैक्स निकट एमएमजी अस्पताल जी टी रोड, गाजियाबाद से मुद्रित कराकर बी 10/6 उमेश पार्क, मोदीनगर, जिला गाजियाबाद से प्रकाशित किया। सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र गाजियाबाद न्यायालय होगा। मोबाइल नं. 9870629696 संपादक नीरज कुमार गुप्ता